ए.आई.एस.एस.जे.सी./1825/25/806 दिनांकः 07.01.2025

सार्वजनिक विज्ञप्ति – 2

बन्धुओं / बहनों, सादर जय जिनेन्द्र !

सर्वप्रथम आप सभी को कैलेण्डर वर्ष 2025 नववर्ष की हार्दिक–हार्दिक शुभकामनाएं !

श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली के कार्यकाल 2025–27 की शुरूआत हो चुकी है। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि प्रत्येक कार्यकाल में मुख्य शाखा के गठन के पश्चात् राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा का मनोनयन किया जाता है। वर्तमान कार्यकाल हेतु भी राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा के मनोनयन की प्रक्रिया चल रही है।

अतः संवैधानिक योग्यता / पात्रता पूरी करने वाले भाई / बहनों से विनम्र निवेदन है कि यदि आप राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा का पद ग्रहण कर अपनी सेवाएं जैन कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समाज को प्रदान करना चाहते हैं तो आपके द्वारा दो वर्ष के कार्यकाल में की जाने वाली अपनी भाविष्यिक योजनाओं तथा आपके विजन, टारगेट आदि का विस्तृत बायोडाटा परिचय प्रारूप बनाकर संस्था की ई–मेल **aissjc1906@gmail.com** पर यह सूचना प्राप्त होने के 4 दिनों के अंदर प्रेषित करके मो. 90197 31906 पर संपर्क कर सूचना अवश्य प्रदान करें।

साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आपके संज्ञान में आपके आस–पास अथवा जानकारी में ऐसा कोई युवा साथी अथवा महिला बहन है जो इस अति महत्वपूर्ण पद की गरिमा एवं जिम्मेदारियों को निभाने में सक्षम है तो आप उनके नामों की अनुमोदना करते हुए अपनी प्रस्तावना प्रदान कर सकते है। उनके नामों पर भी विचार अवश्य किया जाएगा। समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए आप स्वयं आगे आए अथवा योग्य व्यक्ति के नाम को प्रस्तावित करें।

राष्ट्रीय युवा सदस्य की अधिकतम आयु 45 वर्ष होनी अनिवार्य है।

धन्यवाद !

डॉ. अमितराय जैन
राष्ट्रीय महामंत्री–जैन कॉन्फ्रेंस
मो. : 98373 94448